# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** आज दिनांक 14.04.2026 को 'अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस' के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन चित्रकूट में आयोजित कार्यक्रम में अग्निकांडों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीदों की स्मृति में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया तथा गार्द द्वारा सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर हुये भीषण अग्निकांड में 66 अग्निशमन कर्मियो ने अपने प्राणो की आहूति दी थी उन दिवंगत अग्निशमन कर्मियो को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिये प्रति वर्ष 14 अप्रैल को 'अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस' एवं उसी दिन से 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' मनाया जाता है। इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का थीम " सुरक्षित विद्यालय,सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज- आग की रोकथाम के लिये एक साथ" है, अग्निशमन सेवा के जवान सदैव अपनी जान जोखिम में डालकर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनका त्याग एवं समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है।
इसी क्रम में पुलिस लाइन चित्रकूट से 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का शुभारंभ करते हुए अग्निशमन वाहनों को जागरूकता रैली हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 14.04.2026 से 20.04.2026 तक संचालित होगा, जिसका उद्देश्य आमजन को आग से बचाव, रोकथाम एवं अग्नि सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों एवं प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से लोगों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सावधानियों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द वर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री यदुनाथ सिंह, प्रभारी अग्निशमन श्री पवन कुमार त्यागी, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामशीष यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पाल तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(3).** आज दिनांक 14.04.2026 को भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार समाज में समानता, न्याय एवं बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।
कार्यक्रम के दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह,प्रभारी महिला सेल श्री जयप्रकाश उपाध्याय ,डीसीआरबी प्रभारी श्री अशोक कुमार यादव ,पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार पाल एवं पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री लाखन सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार कटियार व उनकी टीम के द्वारा अभियुक्ता निशा सोनकर पत्नी अशोक सोनकर निवासी धोबयाना कस्बा व थाना राजापुर को एक प्लास्टिक के डिब्बे में 10 लीटर कच्ची नाजायज शराब अदद क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>**

1.उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार कटियार

2.आरक्षी शुभम मिश्रा

3.महिला आरक्षी नीलू यादव

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री लाखन सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री नरेन्द्र यादव मय हमराह आरक्षी चन्दन विश्वकर्मा,आरक्षी विमलेश द्वारा अभियुक्त अनिल सोनकर पुत्र फूलचन्द्र सोनकर उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मो0 भैरम बाबा कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 22 अदद अवैध देशी पाउच के साथ गिरफ्तार किया गया तथा उ0नि0 रविन्द्र कटियार मय हमराह आरक्षी शुभम मिश्रा व महिला आरक्षी दीक्षा यादव द्वारा अभियुक्ता कुसुमा पत्नी स्व0 मनोज उम्र करीब 45 वर्ष निवासी क्योटरहा खटकाना कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 20 अदद अवैध देशी पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । दोनों अभियुक्तो के विरूद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(6).** आज दिनांक 14.04.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी रणधीर सिंह द्वारा "श्री गणेश जी" के प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना कर पुलिस कार्यालय में "द पुलिस कैफे" का फीता काटकर किया गया भव्य उद्घाटन । यह कैफे पुलिस कार्यालय के कर्मचारियों,आये हुए फरियादियों एवं अन्य नागरिकों तथा आस पास के कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए खोला गया है जिसमें भोजन और पेय पदार्थ बाजार की तुलना में कम कीमतों पर उपलब्ध होगा। पुलिस की नौकरी बेहद तनावपूर्ण होती है यह कैफे उनके लिए 'स्ट्रेस बस्टर' (तनाव कम करने वाला स्थान) का काम करेगा। 'द पुलिस कैफे' एक ऐसी अभिनव पहल है, जो पुलिस बल की कठोर छवि को एक 'मित्र पुलिस' और 'सहायक' के रूप में पुनर्जीवित करेगा। यह कैफे केवल एक खान-पान का स्थान नहीं, बल्कि समाज और सुरक्षा बलों के बीच एक मजबूत सेतु है। इस कैफे का प्रबंधन और स्वच्छता आम कैफे की तुलना में अधिक अनुशासित है।

कैफे उद्घाटन के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री यामीन अहमद,प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव,वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह,प्रभारी महिला सेल श्री जयप्रकाश उपाध्याय,प्रभारी आईजीआरएस श्री अशोक कुमार यादव,प्रधान लिपिक श्री आनन्द मोहन शुक्ला, आंकिक अमृत लाल सरोज,सहायक उ0नि0 लिपिक श्री केशव प्रसाद शुक्ला, सहायक उ0नि0 लिपिक श्री अनुभव सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।